प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला और बाल कल्याण नीतियों में योग को शामिल करने के महत्व पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का लेख किया साझा।
2. रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ कल से इस महीने की 26 तारीख तक केन्या और मेडागास्कर की यात्रा पर रहेंगे। मेडागास्कर के 65वीं स्वतंत्रता समारोह में करेंगे शिरकत।
3. भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने देवघर में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समय पर लक्ष्यों को हासिल करने का दिया निर्देश।
4. राजधानी रांची और आस पास के इलाकों में 24 से 26 जून तक भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने यलो अलर्ट किया जारी।
5. रांची के नामकुम में शूटिंग रेंज का शुभारंभ, खेल निदेशक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, हर संभव सहायता का दिया आश्वासन।

********************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला और बाल कल्याण नीतियों में योग को शामिल करने के महत्व पर एक लेख साझा किया है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला और बाल कल्याण नीतियों में योग को शामिल करने से पूरे देश में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण में वृद्धि हो रही है।

अपने लेख में मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि गर्भावस्था से पहले और बाद में योग अपनाने से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिलती है।

********************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कल से इस महीने की 26 तारीख तक केन्या और मेडागास्कर की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में, श्री सेठ कल ताइता–तवेता काउंटी में स्मारक स्तंभ के संयुक्त अनावरण के लिए केन्या जाएंगे। जबकि दूसरे चरण में, मंत्री 26 जून को एंटानानारिवो में मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोह के लिए मेडागास्कर का दौरा करेंगे।

********************************

भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह आज देवघर पहुंचे । शैलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और जेएसएलपीएस द्वारा जिला अंतर्गत किये जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को विकास लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए लंबित योजनाओं को चिह्नित कर उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

********************************

15वीं वित्त की राशि निर्गत नहीं किए जाने पर जिला परिषद सदस्यों में नाराजगी है। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि राशि निर्गत नहीं किए जाने की वजह से ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्य ठप पड़ गए हैं।

********************************

झारखंड की एक युवा लेखिका शुभांशी चक्रवर्ती ने योग और पर्यावरण चेतना को जोड़ते हुए एक किताब पास्ट इज फॉरवर्ड लिखी है जिसकी सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है। पर्यावरण विज्ञान पर पढ़ाई करते वक्त शुभांशी ने योगासन को शरीर और मन से अलग कर उसे प्रकृति से प्रेरित रूपकों के रूप में भी प्रस्तुत किया। शुभांशी चक्रवर्ती ने बताया कि उन्होंने हर आसन को एक कहानी, एक सीख, और एक जीवन दर्शन बना

दिया जैसे ताड़ासन के माध्यम से उन्होंने ताड़ के उस पेड़ की दृढ़ता का उल्लेख किया, जो तेज़ हवाओं में झुकता तो है, लेकिन कभी टूटता नहीं।

*********************************

झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति ने हजारीबाग जिला का दौरा किया. परिसदन में आयोजित बैठक में समिति ने विभागीय आर्थिक प्रबंधन, सरकारी खर्चों की पारदर्शिता, लेखा परीक्षण, वित्तीय दस्तावेजों के मूल्यांकन सहित विभिन्न वित्तीय पहलुओं पर जानकारी ली। समिति ने इसके लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया।

*********************************

सुदूर और जंगल पहाड़ वाले इलाकों में चोरी छुपे लकड़ी का चीरा लगाकर अवैध लकड़ी तस्करी मामले में खूंटी वन विभाग ने कार्रवाई की है। डीएफओ ने तमाड़ निवासी कुलदीप मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। डीएफओ दिलीप कुमार ने बताया कि खूंटी वन क्षेत्र के बाहर चाईबासा और खूंटी से सटे अन्य वन क्षेत्रों से लकड़ी माफिया लकड़ी की कटाई कर खूंटी जिले के रास्ते से अवैध लकड़ी का परिवहन करते हैं।

*********************************

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत सिमडेगा जिले में विभिन्न प्रखंडो में शिविरों का आयोजन कर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सिमडेगा प्रखंड कार्यालय में आयोजित शिविर में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पहुँचे। कृषि विभाग के पदाधिकारी शामू साहू ने कहा कि किसानों को कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

*********************************

गुमला के उपायुक्त ने जिले के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कर अधिक से अधिक संख्या में आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया है, अधिक ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता

साउंड बाइट——नरेश कुमार, गुमला — 45 सेकेंड

*********************************

राज्य के विभिन्न जिलों में आज और कल भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही  राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में एक बार फिर 24 जून को भारी बारिश का अनुमान जताया है।

*********************************

रांची के नामकुम स्थित आर के आनंद बॉल्स ग्रीन में शूटिंग रेंज का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हो गया। इस दौरान 10 मीटर के इस रेंज को खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया गया।

***********समाप्त********************